महत्वपूर्ण एवं खास

एमएसपी प्लांट में चोरी का खुलासा: वेल्डिंग मशीन, बेरिंग और बाइक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। चक्रधरनगर पुलिस ने एमएसपी प्लांट से वेल्डिंग मशीन और मशीनरी पार्ट्स चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों में एक पूर्व प्लांट कर्मचारी भी शामिल है। एमएसपी कंपनी जामगांव के सुरक्षा अधिकारी मुरलीधर महापात्रे ने कल रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 2 मार्च 2025 को कंपनी के सीपीपी वर्कशॉप से वेल्डिंग मशीन और अन्य सामग्री चोरी हो गई थी। सीसीटीवी फुटेज जांच में आरोपी दीपक भोय (20 वर्ष) निवासी जूनाडीह, जो पहले कंपनी में कार्यरत था, चोरी करते हुए दिखाई दिया। पुलिस ने दीपक भोय और उसके साथी अभिषेक वर्मा (29 वर्ष) निवासी जूनाडीह को गिरफ्तार कर उनसे चोरी का सामान जिसमें वेल्डिंग मशीन (कीमत रु.10,000), एक सीलबंद बेरिंग (कीमत रु.10,000) और चोरी में प्रयुक्त स्प्लेंडर बाइक (कीमत रु.30,000) बरामद की है। दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 305(ए), 331(4), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर उन्हें रिमांड पर भेजा गया है। इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक आशिक रात्रे, प्रधान आरक्षक संतोष कुर्रे व अन्य पुलिस स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

डीआई वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

रायपुर (आरएनएस)। ग्राम बंगोली बड़ौदा बैंक के सामने डीआई वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने डीआई वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक संतराम वर्मा 57 वर्ष ग्राम खोना चौकी सिलयारी का रहने वाला था। मृतक बाइक से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम बंगोली बड़ौदा बैंक के पास डीआई वाहन क्रमांक सीजी 04 पीके 0913 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार संतराम की मौत हो गई। मामले में खरोरा पुलिस ने डीआई वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

धारदार चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर के गुढियारी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक आरोपी शंकर सोनी को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से धारदार बटनदार स्प्रींगदार स्टील का चाकू बरामद हुआ। आरोपी ने इस चाकू के साथ आम लोगों में आतंक फैलाने की कोशिश की थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अवैध हथियार रखने के आरोप में कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया और न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। गुढियारी थाना पुलिस को 8 मार्च 2025 को सूचना मिली कि तुलसी नगर स्थित शिव मंदिर के पास एक व्यक्ति धारदार चाकू लेकर आम लोगों को डराने-धमकाने की कोशिश कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शंकर सोनी को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से एक धारदार बटनदार स्प्रींगदार स्टील का चाकू बरामद किया। आरोपी के खिलाफ थाना गुढियारी में अपराध क्रमांक 171/2025 धारा 25 और 27 आम्र्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की पहचान शंकर सोनी (23 वर्ष) पिता स्व. भागवत सोनी के रूप में हुई है, जो प्रेम नगर, मीरा किराना स्टोर्स के पास गुढियारी रायपुर का निवासी है।

अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

रायपुर (आरएनएस)। शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिए। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में हर्षित विहार कालोनी उरकुरा निवासी विरेन्द्र कुमार देवांगन 31 वर्ष ने खमतराई थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनआर 9756 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में सिंधि कैंप तिल्दा निवासी प्रार्थी राजेश्वर कुमार बागवानी 42 वर्ष ने नेवरा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एन 0555 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए स्कूटी की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महिला दिवस पर महतारी वंदन अभिनंदन कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग की महिला अधिकारियों को किया सम्मानित

रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास रायपुर में आयोजित 'महतारी वंदन अभिनंदन' कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के जनसंपर्क विभाग की महिला अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं की भूमिका को समाज और शासन-प्रशासन में महत्वपूर्ण बताते हुए उनकी मेहनत, समर्पण और कार्यकुशलता की सराहना की।

मुख्यमंत्री साय ने जनसंपर्क विभाग की अपर संचालक हर्षा पौराणिक, संयुक्त संचालक अंजू नायक, उप संचालक श्रुति ठाकुर, सहायक संचालक डॉ. दानेश्वरी संभाकर, सहायक संचालक संगीता लकड़ा, सहायक सूचना अधिकारी वर्षा ठाकुर को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जनसंपर्क विभाग की महिला अधिकारियों ने राज्य सरकार की योजनाओं, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी नीतियों को प्रभावी रूप से जनता तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी प्रतिबद्धता और कार्यशैली ने संचार को अधिक प्रभावी और जनहितकारी बनाया है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महिला अधिकारियों को सम्मान पत्र एवं प्रतीक चिह्न प्रदान कर उनकी सेवाओं को सराहा। उन्होंने कहा कि महिला अधिकारियों ने अपनी कड़ी मेहनत और दक्षता से शासन-प्रशासन के संदेशों को जन-जन तक पहुँचाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। सरकार ऐसे कर्मठ अधिकारियों को हमेशा प्रोत्साहित करेगी और महिलाओं के लिए सुरक्षित, सशक्त और समृद्ध कार्य वातावरण सुनिश्चित करेगी।

कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों और महिला कर्मचारियों की उपस्थिति रही। सम्मान प्राप्त करने वाली महिला अधिकारियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सम्मान उन्हें और अधिक प्रेरणा देगा, जिससे वे अपनी जिम्मेदारियों को और बेहतर ढंग से निभा सकेंगी।

महतारी वंदन योजना: मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया 'महतारी वंदन कॉमिक्स' का विमोचन

रायपुर। महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण को समर्पित "महतारी वंदन योजना" पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास में आयोजित महतारी वंदन अभिनंदन समारोह में 'महतारी वंदन कॉमिक्स' का विमोचन किया। यह कॉमिक्स महतारी वंदन योजना की उपलब्धियों और इसके प्रभाव को रोचक अंदाज में प्रस्तुत करती है। मुख्यमंत्री साय ने इस पहल को योजना के उद्देश्य और जनसंदेश को व्यापक रूप से पहुँचाने का अभिनव प्रयास बताया। समारोह में कार्टून वॉच इंडिया की आरती शर्मा को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिन्होंने इस कॉमिक्स के निर्माण में अहम योगदान दिया। इस कॉमिक्स के माध्यम से महतारी वंदन योजना की सफलता को सृजनात्मक तरीके से दर्शाया गया है, जिससे यह योजना की लाभार्थी महिलाओं, बच्चों और युवाओं के लिए प्रेरणादायी सिद्ध होगी।

मुख्यमंत्री साय ने उत्कृष्ट कार्य पर राम कुमारी चौहान का किया सम्मान

रायगढ़

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान रायगढ़ जिले के ट्रांसपोर्ट नगर किरोड़ीमल आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता राम कुमारी चौहान को उत्कृष्ट आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुरस्कार से सम्मानित किया।

राम कुमारी चौहान को यह सम्मान पोषण ट्रैकर एप पर शत-प्रतिशत एंट्री करने, हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ दिलाने, गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं की विशेष देखभाल करने, कुपोषण मुक्ति की दिशा में उत्कृष्ट योगदान देने, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का बेहतर क्रियान्वयन, महतारी वंदन योजना से अधिकाधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने, सुकन्या समृद्धि योजना में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री साय ने महिला सशक्तिकरण और बाल विकास में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका की सराहना की और उन्हें समाज निर्माण में आधार स्तंभ बताया। राज्य स्तरीय सम्मान प्राप्त करने पर राम कुमारी चौहान जिले के आंगनबाड़ी के लिए एक प्रेरणा स्रोत बनी। कलेक्टर गोयल एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी ने राम कुमारी चौहान को मुख्यमंत्री साय द्वारा उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित होने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेने धरमजयगढ़ मुख्यालय के अंतिम छोर के गांवों तक पहुंचे कलेक्टर गोयल

- फॉर्मर रजिस्ट्री पोर्टल में किसानों के पंजीयन कार्य की ली जानकारी, पीएम आवास के हितग्राही से की चर्चा

रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल आज जिले के विकासखंड मुख्यालय धरमजयगढ़ से तकरीबन 35 से 40 किलोमीटर दूर जिले के अंतिम सुदूर छोर के ग्रामों में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी लेने औचक निरीक्षण में पहुंचे। इस दौरान डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, प्रशिक्षु आईएफएस नवीन कुमार भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर गोयल ग्राम बोरों पहुंचे और सीएससी सेंटर में फॉर्मर रजिस्ट्री पोर्टल में चल रहे किसानों के पंजीयन प्रक्रिया की जानकारी ली। पटवारी ने बताया कि किसानों का पंजीयन प्रक्रिया जारी है। जिस पर कलेक्टर गोयल ने शेष बचे किसानों की जानकारी लेते हुए पंजीयन कार्य तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने ग्राम पंचायत नेवार के आश्रित ग्राम पोरिया में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने पीएम आवास के हितग्राही दिनेश एक्का से चर्चा की। हितग्राही ने बताया कि वनाधिकार पट्टा से प्राप्त जमीन है। पीएम आवास का दो किस्त मिल चुका है और मकान में ढ़लाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है और जल्द ही प्लास्टर कर आवास पूर्ण कर लिया जाएगा।

कलेक्टर गोयल ने जल जीवन मिशन कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने घर पहुंच पेयजल के संबंध में जानकारी लेने पर ग्रामीणों ने बताया कि ओवरहेड टैंक एवं पाइप लाइन विस्तार का कार्य पूर्ण हो चुका है। इस अवसर पर एसडीओ फारेस्ट बालमुकुंद साहू, जनपद सीईओ धरमजयगढ़ मदन लाल साहू, आवास ब्लॉक समन्वयक, उप अभियंता, फॉरेस्ट के अधिकारी-कर्मचारी, पंचायत सचिवगण आदि उपस्थित रहे।

प्रदेश सरकार के प्रयासों से हो रहा है महिला सशक्तिकरण उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन

- जिले के आंगनबाड़ी आश्रम छात्रावास की महिला कर्मचारियों को मिली धुएं से मुक्ति
- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महतारी वंदन सम्मेलन समारोह आयोजित
- राज्य के विकास में महिलाओं का योगदान बराबर है : कलेक्टर अजीत वसंत

रायपुर

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में महतारी वंदन सम्मेलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं के योगदान को सराहा गया और उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। प्रदेश सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिसके तहत महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। इससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं। महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त किया जा रहा है। रेडी टू ईट योजना को पुनः शुरू किया गया है, जिससे महिलाओं को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा, जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों, छात्रावासों और आश्रमों में लकड़ी के चूल्हों के स्थान पर गैस सिलेंडर की व्यवस्था की गई है, जिससे महिलाओं को धुएं से राहत मिलेगी। मंत्री देवांगन ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री महिलाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहें है। उन्होंने श्रम विभाग द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने सिलाई मशीन, साइकल सहित अन्य सामग्रियों हेतु खाते में राशि दी जा रही है।

कलेक्टर अजीत वसंत ने महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य के विकास में महिलाओं का बराबर योगदान है। हाल ही में संपन्न नगरीय निकाय चुनाव में महिलाओं की भागीदारी ने यह साबित कर दिया कि वे प्रशासनिक कार्यों में भी आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा की महिलाओं को अपने पैरो पर खड़ा होने के लिए आर्थिक रूप से सक्षम होना जरूरी है। नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने कहा कि अब महिलाओं का उत्थान केवल एक चर्चा का विषय नहीं रह गया है, बल्कि वे पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में कार्य कर रही हैं।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष निकिता जायसवाल ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा और तकनीकी क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी से सशक्तिकरण को और बल मिल रहा है। कार्यक्रम के दौरान महिला कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महतारी वंदन योजना से लाभांवित महिलाओं ने अपना अनुभव साझा किया।

अवैध कबाड़ परिवहन पर घरघोड़ा पुलिस की कार्यवाई: 13 टन अवैध कबाड़ समेत ट्रक जब्त, आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़

घरघोड़ा पुलिस ने अवैध कबाड़ परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 13 टन कबाड़ समेत ट्रक जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया है। एसपी दिव्यांग पटेल के निर्देशन पर थाना प्रभारी राम किंकर यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना पर एनटीपीसी ऑफिस के सामने मेन रोड पर घेराबंदी कर संदिग्ध 14 चक्का लाल रंग का ट्रक (क्रमांक CG 13 Y 7336) को रोका। जांच में ट्रक में अवैध रूप से लोड करीब 13 टन लोहा-टीना कबाड़ बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत रु.1.3 लाख आंकी गई है। वाहन चालक मोजहिद पिता निहालुद्दीन (उम्र 35 वर्ष, निवासी खरसिया चौक, अंबिकापुर) कबाड़ के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 35(1) बीएनएस एवं 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक पारसमणी बेहरा, आरक्षक चंद्रशेखर चंद्राकर व लव किशोर साय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

गेंदे की खेती कम लागत में ज्यादा मुनाफा : फूलों के खेती ने किसान मोती को बनाया सफल व्यवसायी

- फूलों की डिमांड उड़ीसा झारखण्ड सहित अन्य राज्यों में भी
- फूलों की माला फूल गुलदस्ता और बुके बनाकर 5 लाख तक की आमदनी

जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय किसानों को फल फूल की खेती करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। गेंदे की खेती एक लाभकारी व्यवसाय है किसानों को कम समय में अच्छा मुनाफा देती है। इसका लाभ भी किसानों को बढ़िया मिलता है। पत्थलगांव विकास खंड के ग्राम लोकेर के किसान मोती बंजारा गेंद की अच्छी खेती कर रहे हैं और दूसरे किसानों को गेंदे की खेती के लिए प्रोत्साहित भी कर रहे हैं। किसान मोती बंजारा ने बताया कि वे 2014 से गेंदे की खेती करना शुरू किया अपने खेत के 20 डिसमिल जमीन में फूल की खेती की त्योहार के सीजन में गेंदे का अच्छा विक्रय होने से उनको अच्छा मुनाफा होने लगा।

उन्होंने बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र डूमरबाहर जशपुर के मार्गदर्शन से ड्रिप मल्चिंग में खेती करना शुरू किया और रकबा को एक एकड़ तक बढ़ाया जिसके बाद कृषि वैज्ञानिकों ने नेट हाउस में खेती करने का सलाह दिया गया। किसान ने बताया कि पत्थलगांव के उद्यान विभाग से संपर्क करके अपना आवेदन जमा किया और अब 0.2000 हेक्टेयर में नेट हाउस और 1 एकड़ में ड्रिप मलचिंग के माध्यम से अब साल भर गेंदे और गेलोडियस की खेती से अच्छा मुनाफा हो रहा है। किसान मोती ने बताया कि पिछले दीपावली में ही 15 दिन के भीतर गेंदे फूल के विक्रय से 3 लाख से अधिक की कमाई हो गई। एक सीजन में अच्छा मार्केट होने पर प्रति 1 एकड़ से 3 से 3 तीन लाख 50 हजार की कमाई हो जाता है। उन्होंने बताया कि पिछले खरीब सीजन में 2.5 एकड़ में गेंदे की फसल से अच्छा मुनाफा लिया था। गेंदे की मार्केट जशपुर जिले भर में और आस पास जैसे सरगुजा, बिलासपुर, रायपुर, उड़ीसा, झारखंड भी फूलों की सप्लाई किया जाता है। और अन्य जिलों के साथ अन्य राज्यों से भी मांग निरंतर बनी रहती है। जिले के कई किसान गेंदे की फूल लगाकर अच्छा आमदनी कर रहे हैं। किसान ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न योजना का लाभ उन्हें मिला है। उन्होंने बताया कि अन्य किसान भी उनको देखकर गेंदे की खेती करना चालू कर दिया है। और अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ शासन की योजना के तहत क्रेडा विभाग से सौर सूजला योजना का लाभ भी मिला है। कृषि विभाग से गोदाम निर्माण, उद्यान विभाग से पैक हाउस,नेट हाउस जैसे अन्य योजनाओं का भी लाभ उन्हें मिला उन्होंने बताया कि गेंदे फूल के अलावा बुके गुलदस्ता बनाकर साल में लगभग 2 लाख की अतिरिक्त कमाई कर लेते हैं। किसान मोती ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनका परिवार बहुत खुश हैं।उनका पारिवारिक जीवन स्तर में सुखद बदलाव आया है।

उल्लेखनीय है कि फूलों खेती कम समय में तैयार हो जाता है। गेंदा लगभग 60-70 दिनों में फूल देना शुरू कर देता है, जिससे किसानों को जल्दी मुनाफा मिलता है। कम लागत, अधिक लाभ इसकी खेती में बहुत ज्यादा निवेश नहीं लगता, और इसकी मांग हमेशा बनी रहती है, जिससे अच्छा लाभ मिलता है।

फूलों की उच्च मांग

शादी-विवाह और त्योहारों पर गेंदे के फूलों की मांग बहुत अधिक होती है।

मंदिरों, धार्मिक स्थलों और सजावट के लिए भी इसका उपयोग होता है।

बहुउपयोगी फसल

गेंदे का उपयोग औषधीय रूप में भी किया जाता है।

बाजार में अच्छी कीमत गेंदा हर मौसम में बिकता है, खासकर दिपावली दुर्गा पूजा, गणेश चतुर्थी, होली जैसे त्योहारों पर इसकी कीमत बढ़ जाती है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480